# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444


पत्रांक- 637 / 12-1, कोटबंगला दिनांक 11 /08/2020

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड़, लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी।

विषय :- जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत सिलक्यारा शिवपुरी से पंजगांव तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.31 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में। (FP/UK/ROAD/26799/2017)

सन्दर्भ :- भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्रांक– 8बी0/यू0सी0पी0/06/139/2018/एफ0सी0/2666 दिनांक 20.02.2020 तथा नोड़ल कार्यालय देहरादून का पत्रांक– 2241/FP/UK/ROAD/26799/2017 दिनांक 27.02.2020।

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत परियोजना की निर्माण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शासनादेश में उल्लिखित शर्त सं0–3 व 4 के अनुसार प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड के पत्र सं0–972/3–5–2 दिनांक 21.11.2017 में उल्लिखित निर्धारित दर के अनुसार वर्ष 2020–21 के लिए क्षतिपूरक वृक्षारोपण की संशोधित धनराशि तथा शर्त सं0–5 के अनुसार एन0पी0वी0 के निर्धारित धनराशि निम्नानुसार (Challan Generate) कर ऑनलाइन नोडल अधिकारी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त जमा धनराशि का चालान सहित सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें एवं शासनादेश में उल्लिखित सभी शर्तो की अनुपालन आख्या भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

| क्र0 सं0 | मद | इकाई | दर | जमा की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु। | 2.62 हे0 | 3,37,184.00 प्रति हे0 | 8,83,422.00 |
| 2 | एन0पी0वी0 | 1.31 हे0 | घनत्व–0.2<br>दर– 6,57000.00 | 8,60,670.00 |

इसके अतिरिक्त शर्त सं0–16 के अनुसार वन भूमि के सीमांकन हेतु संलग्न प्राक्कलन में निर्धारित मूल्य रू0 2,81,000.00 की धनराशि का इस वन प्रभाग के नाम चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाकर इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक:– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि :– अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, वन संरक्षण भूमि सर्वेक्षण निदेशालय इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।